राष्ट्रीय सेवा योजना
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.com

पत्रांकः **101** /पू0वि0वि0/रा0से0यो0/2025–26 दिनांक–23.02.2026

प्रेषक–

कुलसचिव
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–

सेवा में,

प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय–ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना पोर्टल दिनांक–18.03.2026 तक खोले जाने के सम्बन्ध में सूचना ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–496/सत्तर–रा0से0यो0को0–2026 ,दिनांकः 16 फरवरी, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से शासन द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्ष–2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 के आनॅलाइन बैकलाग प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना पोर्टल (https:uponlinenss.upsdc.gov.in) दिनांक–18.03.2026 तक के लिए इस शर्त के साथ पुनः खोला गया है, कि संबंधित कार्यक्रम अधिकारी समस्त बैकलॉग प्रमाण–पत्र निर्धारित अवधि में निर्गत कर अपनी रिपोर्ट महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराएंगे।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय सेवा योजना समस्त प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी अपने महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध डाटा के आधार पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों/स्वयंसेविकाओं के 02 वर्ष की अवधि में 240 घंटे का नियमित कार्यक्रम तथा 07 दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम पूर्ण होने पर वर्ष 2022–23, वर्ष 2023–24 एवं वर्ष 2024–25 का ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाण–पत्र प्रत्येक दशा में अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक–18.03.2026 तक समस्त बैगलॉग प्रमाण पत्र जारी किया जाना सुनिश्चित करें। शासनादेशो के अन्तर्गत कार्यवाही पूर्ण न किये जाने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वंय प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी की होगी।

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मत्रालय, रा0से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं.–1, आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्चशिक्षा(रा0से0यो0को0)विभाग, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
4. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

ईमेल

संख्या- 496 /सत्तर-रा0से0यो0को-2026

प्रेषक,

डॉ0 मंजू सिंह,
विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी,
एन0एस0एस0 प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-समस्त कार्यक्रम समन्वयक एन0एस0एस0 से संबंधित विश्वविद्यालय।
2-समस्त उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) मण्डल, उ0प्र0।

उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग लखनऊः दिनांक 16 फरवरी, 2026

विषयः-ऑनलाइन बैकलाग प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना पोर्टल दिनांक 18-03-2026 तक खोले जाने के संबंध में सूचना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों को निर्गत किए जाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना पोर्टल दिनांक 18-03-2026 तक के लिए इस शर्त के साथ पुनः खोला गया है, कि संबंधित कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यक्रम समन्वयक समस्त बैकलॉग प्रमाण-पत्र निर्धारित अवधि में निर्गत कर अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव/उप शिक्षा निदेशक, माध्यमिक मण्डल के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराएंगे।

2- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों को निर्गत करने हेतु यह अंतिम अवसर है। कृपया अपने विश्वविद्यालय/मण्डल के समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों को निर्गत करने हेतु स्वस्तर से निर्देशित करते हुए दिनांक 20-03-2026 तक निर्गत किए गए ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों का पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय के कुलसचिव/उप शिक्षा निदेशक, माध्यमिक मण्डल के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 मंजू सिंह)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य संपर्क अधिकारी।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव।
3. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ०प्र० प्रयागराज।
4. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।
5. श्री राजेन्द्र गुसा, वरिष्ठ निदेशक (आई0टी0) एन0आई0सी0 लखनऊ।
6. कुलसचिव, एन0एस0एस0 से संबंधित समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(डॉ० मंजू सिंह)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य सम्पर्क अधिकारी।